**दिनांक 12.01.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

<u>उपस्थितिः-</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री मनोज कुमार सिंह,<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | अध्यक्ष |
| (ii) | श्री अमरजीत कुमार,<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, मुंगेर। | - | सदस्य |
| (iii) | श्री कुणाल कुमार,<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, लखीसराय। | - | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - | लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - | ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025) |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹12,65,13,479/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1023(नि0) अनु0 दिनांक-12.07.2025) |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹ 10,01,94,524/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹ 12,24,50,613/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-017869(भ0) 25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक-18.11.2025 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 08.12.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 11.12.2025 / 16.12.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 01.01.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 02.01.2026 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - | (1) मे0 धमेंश कुमार, पटेल नगर, पटना।<br>(2) मे0 सुदेश कुमार सिंह एण्ड को0 कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, कल्याणपुर, जमुई।<br>(3) मे0 डिवाईन लोट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0 लि0, आदमपुर, भागलपुर।<br>(4) मे0 आलोक कंसट्रक्सन, एस0 के0 पुरी, साई कॉलनी, नालन्दा।<br>(5) ई0आर0 ए0पी0 कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, धनौती, हाजीपुर, वैशाली। |

12 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>

<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 12.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लखीसराय द्वारा निविदा मे शामिल कुल पॉच निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहूत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहूत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पॉच निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** मे0 धर्मेश कुमार, पटेल नगर, पटना द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि अनुभव प्रमाण-पत्र में निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी (i) Brick Work (1313 Cum) के विरूद्ध Brick Work (366.36 Cum) एवं Electric Work (Rs. 1,11,28,045/-) के विरूद्ध (Rs. 99,82,524/-) मात्रा कम पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहूत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** मे0 सुदेश कुमार सिंह एण्ड को0 कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, कल्याणपुर, जमुई द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार** मे0 डिवाईन लोट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0 लि0, आदमपुर, भागलपुर द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**चतुर्थ निविदाकार** मे0 आलोक कंसट्रक्सन, एस0 के0 पुरी, साई कॉलनी, नालन्दा द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी (i) Brick Work (1313 Cum) के विरूद्ध Brick Work (818.57 Cum) एवं Electric Work (Rs. 1,11,28,045/-) के विरूद्ध (Rs. 99,82,524/-) मात्रा कम पाया गया। (ii) Sub-Contractor का Electrical Licence संलग्न पाया गया है परन्तु अनुभव प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र का प्रति अपलोड नहीं पाया गया एवं निविदाकार का Electrical Work का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न है, पर Electrical Licence संलग्न नहीं पाया गया है तथा (iii) निविदा शर्त्त में मांगी गयी एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) Similar Nature Satifactory Complined at Least one Similar Work Value not less than 50% of Estimated Cost (Rs. 6,12,25,307/-) के विरूद्ध संवेदक द्वारा समर्पित सभी अनुभव प्रमाण-पत्र में अधिकतम अनुभव प्रमाण-पत्र की राशि ₹5,42,03,153/- पाया गया जो मॉगी गयी राशि से कम है। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c), 4.5A(b) तथा 4.5A(d) के तहूत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

**पंचम निविदाकार** ई0आर0 ए0पी0 कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, धनौती, हाजीपुर, वैशाली द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि अनुभव प्रमाण-पत्र में निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी Earth Work, PCC/RCC, Brick Work एवं Flooring Work की मात्रा कम पाया गया एवं निविदा शर्त्त में मांगी गयी एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) Similar Nature Satifactory Complined at Least one Similar Work Value not less than 50% of Estimated Cost (Rs. 6,12,25,307/-) के विरूद्ध संवेदक द्वारा समर्पित सभी अनुभव प्रमाण-पत्र में अधिकतम अनुभव प्रमाण-पत्र की राशि कम पाया गया है। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c), तथा 4.5A(b) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

इस प्रकार पॉच निविदाकार में से दो निविदाकार को **''रिसपॉन्सिव''** एवं तीन निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

13 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मे0 सुदेश कुमार सिंह एण्ड को0 कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, कल्याणपुर, जमुई (2) मे0 डिवाईन लोट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0 लि0, आदमपुर, भागलपुर को **सफल** एवं (3) मे0 धर्मेश कुमार, पटेल नगर, पटना (4) मे0 आलोक कंसट्रक्सन, एस0 के0 पुरी, साई कॉलनी, नालन्दा (5) ई0आर0 ए0पी0 कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, धनौती, हाजीपुर, वैशाली को **असफल** घोषित किया गया, साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-18.01.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | |
|---|---|---|
| ह0/- | ह0/- | ह0/- |
| (कुणाल कुमार) | (अमरजीत कुमार) | (मनोज कुमार सिंह) |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता (द0), |
| भवन प्रमंडल, लखीसराय। | भवन अंचल, मुंगेर। | भवन निर्माण विभाग, |
| | | बिहार पटना। |

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-02-25/2025...163 (S)... पटना/दिनांक...12/01/26...

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/Block.T.P-1/2026/docx 46